# यूपी को अचीवर स्टेट का सम्मान मिला

लखनऊ। यूपी को लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में अपनी दमदारी स्थिति दर्शाते हुए लगातार तीसरी बार 'अचीवर स्टेट' का सम्मान मिला है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को दिल्ली के भारत मंडपम में इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश को यह पुरस्कार दिया।

इस मौके पर केंद्रीय वाणिज्य और राज्य मंत्री जितिन प्रसाद की उपस्थिति में विभिन्न राज्यों में लॉजिस्टिक्स की सुगमता को मापने वाली 'लीड्स रिपोर्ट 2024' का विमोचन किया गया। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा 2018 में शुरू की गई लीड्स पहल भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए एक बेंचमार्किंग टूल के रूप में कार्य करती है। रैंकिंग तीन प्रमुख आयामों का आकलन करती हैः बुनियादी ढांचा, सेवाएं और परिचालन और नियामक वातावरण। इस मौके पर यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर ध्यान केंद्रित किया है।




केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को दिल्ली के भारत मंडपम में इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश को पुरस्कार दिया।

## 2021 में प्रदेश ने लगाई थी बड़ी छलांग

यूपी को 2019 में 13 वीं रैंक मिली जबकि 2021 में राज्य ने बड़ी छलांग लगाते हुए छटीं रैंक हासिल कर ली। इसके बाद साल 2022, 2023 व अब 2024 के लिए लगातार अचीवर राज्य का अवार्ड मिला है। उत्तर प्रदेश वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स नीति-2022 को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए राज्य में सिटी लॉजिस्टिक्स मास्टरप्लान और सिटी मास्टरप्लान विकसित किए गए हैं। यह नीति विशेष रूप से लखनऊ जैसे उच्च-उपभोग वाले केंद्रों में लॉजिस्टिक्स पार्क, ग्रामीण गोदाम और कोल्ड चेन विकसित करने के लिए निजी निवेश और पीपीपी मॉडल को बढ़ावा देती है।